भारत सरकार
पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय
....

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3
(22 नवम्बर, 2011 को उत्तर दिए जाने के लिए)
ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या

3. **श्रीमती विप्लव ठाकुर:**

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में वे कौन-कौन से राज्य सूखे जैसी स्थिति और ग्रामीण क्षेत्रों को पेयजल की आपूर्ति करने में समस्या का सामना कर रहे हैं;

(ख) इन राज्यों में पेयजल की समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं;

(ग) गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इन राज्यों में पेयजल की समस्या का समाधान करने के लिए इन्हें कितनी धनराशि जारी की गई है;

(घ) क्या हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार से राज्य में पेयजल की समस्या का समाधान करने के लिए राज्य को विशेष श्रेणी का दर्जा प्रदान किए जाने का अनुरोध किया है; और

(ङ) यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

उत्तर
पेयजल और स्वच्छता मंत्री
(श्री जयराम रमेश)

(क) तथा (ख) : सरकार के पास उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, देश के किसी भी राज्य में फिलहाल सूखे जैसी स्थिति नहीं है। तथापि, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने यह जानकारी दी है कि सात जिलों में ऐसे मामले मिले हैं जहां लोग इनसेफलाइटिस से पीड़ित हैं जो कि पीने के लिए संदूषित छिछले स्थान पर ट्यूबवेल का जल पीने की वजह से हो सकता है।

भारत सरकार राज्यों के माध्यम से राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) का संचालन कर रही है ताकि ग्रामीण आबादी को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के राज्यों के प्रयासों में मदद करने के लिए उन्हें वित्तीय और तकनीकी सहायता दी जा सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, राज्यों के वार्षिक आबंटन की 45% राशि का उपयोग आंशिक रूप से कवर की गई बसावटों को कवर करने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा, 20% एनआरडीडब्ल्यूपी निधियों का उपयोग जलगुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों को कवर करने के लिए किया जा सकता है। राज्य सरकारों को यह छूट दी गई है कि वे जलगुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों की समस्या का समाधान करने के लिए या इसके विपरीत कवरेज के अंतर्गत आबंटित निधियों का उपयोग कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, जल गुणवत्ता निगरानी एवं जांच

क्रियाकलापों, जिसमें रासायनिक और जीवाणु संदूषण के लिए पेयजल स्त्रोतों के क्षेत्र स्तर पर एवं प्रयोगशाला में परीक्षण, आईईसी और पेयजल आपूर्ति से संबंधित क्षमता निर्माण क्रियाकलाप शामिल हैं, के लिए सहायता भी दी जाती है।

(ग) : रिलीज का राज्य-वार ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ) और (ङ): पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय को हिमाचल प्रदेश सरकार से विशिष्ट श्रेणी का दर्जा प्राप्त करने के लिंए भेजे गए किसी आवेदन की जानकारी नहीं है।

*****

राज्य सभा में दिनांक 22.11.2011 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 3 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत वित्तीय रिलीज

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
		रिलीज	रिलीज	रिलीज	रिलीज
1.	आंध्र प्रदेश	395.05	537.37	558.74	224.74
2.	अरूणाचल प्रदेश	162.46	178.20	199.99	63.89
3.	असम	187.57	323.50	487.48	214.43
4.	बिहार	452.38	186.11	170.73	177.83
5.	छत्तीसगढ़	125.26	128.22	122.01	65.40
6.	गोवा	0.00	3.32	0.00	2.78
7.	गुजरात	369.44	482.75	609.10	242.56
8.	हरियाणा	117.29	206.89	276.90	110.61
9.	हिमाचल प्रदेश	141.51	182.85	194.37	66.82
10.	जम्मू व कश्मीर	396.49	402.51	468.91	233.40
11.	झारखंड	80.33	111.34	129.95	86.35
12.	कर्नाटक	477.85	627.86	703.80	285.81
13.	केरल	106.97	151.89	159.83	75.09
14.	मध्य प्रदेश	380.47	379.66	388.33	162.38
15.	महाराष्ट्र	648.24	647.81	718.42	343.42
16.	मणिपुर	45.23	38.57	52.77	28.37
17.	मेघालय	63.38	79.40	84.88	32.63
18.	मिजोरम	54.19	55.26	61.58	18.55
19.	नागालैंड	42.53	47.06	77.52	26.85
20.	उड़ीसा	298.68	226.66	294.76	106.65
21.	पंजाब	86.56	88.81	106.59	32.96
22.	राजस्थान	971.83	1012.16	1099.48	575.76
23.	सिक्किम	32.45	20.60	23.20	6.52
24.	तमिलनाडु	287.82	317.95	393.53	125.55
25.	त्रिपुरा	41.01	77.40	74.66	26.93
26.	उत्तर प्रदेश	615.78	956.36	848.68	350.11
27.	उत्तरांचल	85.87	124.90	136.41	72.44
28.	पश्चिम बंगाल	389.39	394.30	499.19	160.85
29.	अंडमान निकोबार द्वीप समूह	0.00	0.00	0.00	0.00
30.	दादर व नगर हवेली	0.00	0.00	0.00	0.00
31.	दमन व द्वीव	0.00	0.00	0.00	0.00
32.	दिल्ली	0.00	0.00	0.00	0.00
33.	लक्षद्वीप	0.00	0.00	0.00	0.00
34.	पुडुचेरी	0.00	0.00	0.00	0.00
35.	चंडीगढ़				0.00
कुल		**7056.02**	**7989.72**	**8941.81**	**3919.68**

* 17.11.2011 की स्थिति के अनुसार